# हिरेन चौधरी की गेंदबाजी की बदौलत जीता नवांशहर

## क्रिकेट प्रतियोगिता • 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कपूरथला की टीम मात्र 39 ओवरों में 64 रनों पर ऑलआउट

भास्कर न्यूज़ | नवांशहर

स्थानीय आरके आर्य कॉलेज के मैदान में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की ओर आयोजित दो दिवसीय इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 मैच में नवांशहर ने कपूरथला को 127 रनों से हराया। मैच में नवांशहर की ओर से समर्थ लखनपाल और युवराज कुमार ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं, जबकि गेंदबाज हिरेन चौधरी ने मैच में कुल 9 विकेट लिए। जानकारी देते हुए पीके सरीन और राकेश जोशी ने बताया कि पहले दिन खेले गए मैच में नवांशहर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जिसमें नवांशहर की टीम ने पहली पारी में 27.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाए, जिसमें कविश उप्पल ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। कपूरथला की ओर से कृष्ण कांत और कमेश ढींगरा ने 3-3 और रुकमनवीर व रनवीर ने 2-2 विकेट लिए। इसके जबाव में कपूरथला की टीम ने पहली पारी में 48.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर 32 रनों की बढ़त हासिल कर ली। जिसमें कपूरथला की ओर प्रशिव नैय्यर व कनवर हरजाप ने 28-28 और अक्षित सरोआ ने 26 रनों का योगदान दिया। नवांशहर की ओर से हिरेन चौधरी ने 5, युवराज कुमार ने 3 और अकुल कुमार ने 2 विकेट लिए। पहली पारी में 32 रनों से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में नवांशहर की टीम ने 58 ओवरों में 5 विकेटों के नुकसान पर 223 रन बनाकर घोषित कर कपूरथला को 192 रनों का लक्ष्य दिया, जिसमें नवांशहर की ओर से समर्थ लखनपाल ने 64, युवराज कुमार ने 55, हिरेन चौधरी ने 25, ईशान कुमार राणा ने 22 व हितेश चुम्बर ने 20 रन बनाए। कपूरथला की ओर से कमेश ढींगरा ने 3 और कृष्ण कांत व रनवीर ने 1-1 विकेट लिया। 192 रनों का पीछा करते हुए कपूरथला की टीम 39 ओवरों में मात्र 64 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसके कारण यह मैच नवांशहर की टीम ने 127 रनों से जीत लिया। नवांशहर के गेंदबाज हिरेन चौधरी ने दूसरी पारी में भी 4 विकेट लेकर मैच जिताने में विशेष भूमिका निभाई। मैच में नवांशहर की टीम को 5 और कपूरथला की टीम को 0 प्वाइंट मिले।



आर्य कॉलेज में क्रिकेट एसोसिएशन की प्रतियोगिता के मैच जीत के बाद नवांशहर टीम के खिलाड़ी।

## अटाल मजारा के सेहत केंद्र में नवजात बच्चों और गर्भवती महिलाओं का किया टीकाकरण

# बाल मौत दर घटाने के लिए संपूर्ण टीकाकरण यकीनी बनाना बहुत जरूरी : सुखवीर कुमार

# लायंस क्लब के कैंप में 30 लोगों ने किया रक्तदान

